प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 27.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट ने हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति 2016 मामले में सुनाया फैसला, कहा– सिंगल बेंच के फैसले के अनुरूप याचिकाकर्ताओं को मिलेगा लाभ।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा– झारखंड के कृषि क्षेत्र को उन्नत करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध, किसान मजबूत होंगे तो गांवों की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत।
3. रामपुरहाट–जसीडीह पैसेंजर ट्रेन दुमका रेलवे स्टेशन पर पहुंचने से कुछ ही दूर पहले हुई बेपटरी, सभी यात्री सुरक्षित, रेलवे ने घटना की जांच शुरू की।
4. भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान, रांची और इंदिरा गांधी जैविक उद्यान, विशाखापट्टनम के बीच हुआ वन्यजीव आदान–प्रदान कार्यक्रम, जैव विविधता संरक्षण को मिलेगा बढ़ावा।

और

5. रांची में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले एकदिवसीय मैच को लेकर सभी खिलाड़ी रांची पहुंचे, मैच प्रैक्टिस का समय निर्धारित।

*****************

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने पर विचार करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉय माल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अभद्र, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की जरूरत है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पीठ को सूचित किया कि सरकार में कुछ दिशा–निर्देश बनाने पर विचार हो रहा है।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा–2016 की मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सिंगल बेंच के फैसले को सही ठहराया है। अदालत ने कहा कि मीना कुमारी एवं झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के मामले में सिंगल बेंच द्वारा पारित आदेश याचिकाकर्ताओं पर लागू होगा। गौरतलब है कि झारखंड हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने बीते एक सितंबर को हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 2016 के लिए निकाले गए विज्ञापन में दो हजार चौंतीस पद को रिट पिटिशनर के द्वारा भरने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के 2 अगस्त 2022 के जजमेंट को आधार मानते हुए हाईकोर्ट ने रिक्त पदों को भरने के लिए छह महीने की समय सीमा निर्धारित की है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र को उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि झारखंड की मूल आबादी खेती पर ही निर्भर है इसलिए कृषि क्षेत्र और किसान मजबूत होंगे तो गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। वे आज रामगढ़ जिले में नेमरा के लुकैयाटांड़ में महाजनी आंदोलन में शहीद हुए सोना सोमरन सोरेन के शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झारखंड को विकसित बनाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के वीर शहीदों की संघर्ष की गाथा हमेशा मार्गदर्शन करती रहेगी, जिन्होंने शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद की थी।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय गोड्डा में इंटर्नशिप कर रहे होम्योपैथी छात्र–छात्राओं और एम.बी.बी.एस इंटर्न विद्यार्थियों को दी जा रही मासिक अनुदान राशि में वृद्धि की है। मुख्यमंत्री ने इंटर्न छात्रों को दी जा रही मासिक राशि को पंद्रह हजार से बढ़ाकर सत्रह हजार पांच सौ रूपये करने का आदेश दिया है और इस प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुत करने को भी कहा है।

*****************

रामपुरहाट–जसीडीह पैसेंजर ट्रेन दुमका रेलवे स्टेशन पर पहुंचने से कुछ ही दूर पहले बेपटरी हो गई। जिससे यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई। हालांकि घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ और बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी, तकनीकी टीम और आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्य शुरू कराया। रेलवे प्रशासन मामले की जांच में जुट गया है। हादसे के कारण फिलहाल रेल यातायात प्रभावित है।

*****************

चतरा जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 21 से 28 नवंबर तक सेवा का सप्ताह नाम से चलाया जा रहा है।

*****************

धनबाद शहर के श्रमिक चौक के पास गया पुल अंडरपास के समानांतर  एक और नया अंडरपास का निर्माण किया जायेगा। इस परियोजना में कुल लागत लगभग 29 करोड़ रुपये आयेगी। जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने नए अंडरपास निर्माण कार्य की समीक्षा की।

*****************

भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची और इंदिरा गांधी जैविक उद्यान, विशाखापट्टनम के बीच वन्यजीव आदान–प्रदान कार्यक्रम किया गया। इसके तहत भगवान बिरसा जैविक उद्यान रांची से हिमालयन काला भालू, स्पॉटेड डव, सिल्वर तीतर और घड़ियाल को विशाखापट्टनम भेजा गया। वहीं इंदिरा गांधी जैविक उद्यान से वाइल्ड डॉग (डोल), काला हंस, ग्रे पेलिकन, मॉनिटर लिज़र्ड, एलेक्जेंड्रीन पाराकीट एवं बार्न आउल को रांची लाया गया। भगवान बिरसा जैविक उद्यान के निदेशक जब्बर सिंह ने बताया कि जैविक उद्यान में नई प्रजातियों का आगमन जैव विविधता संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है।

*****************

ई–कल्याण योजना के तहत लाखों छात्रों की छात्रवृत्ति को एक वर्ष से रोके जाने के विरोध में आज आजसू छात्र संघ ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से शिक्षा के लिए भिक्षा जनाक्रोश मार्च निकाला। इसके बाद छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को ज्ञापन सौंपा और इस पर पहल करने का आग्रह किया।

*****************

गोवा में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव इफ्फी के 56वें संस्करण में आज कई प्रमुख गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

*****************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे–धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि का अनुमान जताया है। मौसम

विज्ञान केन्द्र ने बताया कि इस दौरान सवेरे कोहरा या धुंध और बाद में बादल छाये रह सकते हैं।

*****************

रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले एक दिवसीय मैच के लिए सभी खिलाड़ी रांची पहुंच चुके हैं। इसके साथ ही दोनों टीमों के प्रैक्टिस का समय निर्धारित किया गया है। 28 नवंबर को साउथ अफ्रीका की टीम दोपहर एक बजकर 30 मिनट से दोपहर 4 बजकर 30 मिनट तक प्रैक्टिस करेंगी जबकि भारतीय खिलाड़ी शाम 5 बजकर 30 मिनट से रात आठ बजकर 30 मिनट तक प्रैक्टिस करेंगे।

उधर, झारखंड वॉलीबॉल संघ ने रांची में आयोजित भारतीय स्कूली खेलकूद टीम प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक वैशाली पारदरे, डॉक्टर शैलेश कुमार, डॉ संतोष पवार और जीवा, साई प्रशिक्षक को सम्मानित किया।

*******समाप्त********